Seat No. : _______________

# DO-101 – H

**December-2013**

## B.Com., Sem.-I

## CE-101-A : Advance A/c. & Auditing

## (Financial Accounting – I)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. राम, श्याम और गोपाल क्रमश: 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले किसी एक फर्म के हिस्सेदार हैं । उन्होंने ता. 31-3-2013 को अपनी इस फर्म का विसर्जन करना निश्चित किया । इस तारीख को उनकी फर्म की बैलेंस शीट निम्नानुसार है : **14**

**ता. 31-3-2013 की बैंलेसशीट**

| देनदारियाँ | | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भूमि-भवन | | 3,00,000 |
| राम | 1,50,000 | | संयंत्र-मशीनें | | 1,00,000 |
| श्याम | 80,000 | | फर्निचर | | 50,000 |
| गोपाल | 60,000 | 2,90,000 | देनदार | 50,000 | |
| सामान्य रिज़र्व | | 60,000 | ऋण : अशोध्य रिज़र्व | 5,000 | 45,000 |
| ऋण : | | | नकद | | 25,000 |
| राम | 40,000 | | लाभ-हानि खाता | | 30,000 |
| श्याम | 20,000 | 60,000 | | | |
| प्रतिभूति पर ऋण | | 1,00,000 | | | |
| लेनदार | | 40,000 | | | |
| | | **5,50,000** | | | **5,50,000** |

ता. 30 जून 2013 को परिपक्व हो रही प्राप्य हुंडी ₹ 10,000 बैंक में बट्टाकृत की गई । विसर्जन खर्च ₹ 5,000 अंदाजित था, परन्तु वास्तव में विसर्जन खर्च ₹ 3,000 था ।

परिसम्पत्तियों से निम्नानुसार प्राप्त हुए :

| | ₹ |
|---|---|
| अप्रैल 15, 2013 | 1,00,000 |
| अप्रैल 30, 2013 | 60,000 |
| मई 30, 2013 | 80,000 |
| जुलाई 10, 2013 | 1,20,000 |

हुंडियाँ परिपक्वता की तारीख को ही चुका दी गई हैं, ऐसा मानकर अधिक रकम प्राप्ति पद्धति से भागीदारों के बीच रोकड़ की किश्तों का बँटाव पत्रक तैयार कीजिए ।

**अथवा**

रीया ट्रेडर्स का व्यवसाय ता. 1-4-2012 से खरीदने के लिए राधा लिमिटेड की स्थापना 1-7-2012 को की गई । 31-3-2013 को पूरे हो रहे वर्ष के लिए समावेशन पूर्व तथा पश्चात लाभ-हानि की गणना कीजिए :

(1) समावेशन पूर्व की बिक्री, समावेशन पश्चात की बिक्री का $\frac{1}{4}$ है ।

(2) वर्ष की कुल खरीदी ₹ 10,00,000 रही । (जिसमें से 20% रोकड़ खरीदी थी और समावेशन पूर्व के समय की उधार खरीदी ₹ 3,00,000 रही ।)

(3) आय तथा व्यय :

| | ₹ |
|---|---|
| सकल लाभ | 2,00,000 |
| शेयर ट्रांसफर शुल्क | 5,000 |
| बाहर भेजे माल का भाड़ा | 10,000 |
| मँगाए गये माल का भाड़ा | 8,000 |
| दिया गया बट्टा | 6,000 |
| प्राप्त हुआ बट्टा | 4,000 |
| डायरेक्टर का शुल्क | 7,000 |
| बट्टे खाते में डाला गया प्राथमिक खर्च | 2,000 |
| ऑफिस का भाड़ा | 20,000 |
| निवेशों की बिक्री से लाभ | 2,000 |
| निवेशों पर ब्याज | 4,000 |
| ऋणपत्रों (डिबेंचर) पर ब्याज | 6,000 |
| वेतन | 10,000 |
| व्यवसाय बेचने वाले का ब्याज | 3,000 |

(विक्रेता को ब्याज 1-10-2012 को चुकाया गया था ।)

(4) निवेशों को बेचने की तारीख 30-6-2012 है ।

2. किसी कम्पनी ने ₹ 10 का एक ऐसे 80,000 इक्विटी शेयर 20% प्रीमियम से जारी किए । प्रति शेयर निम्नानुसार रकम चुकाना था : **14**

| | |
|---|---|
| आवेदन के साथ | ₹ 4 |
| स्वीकृति के समय | ₹ 5 (प्रीमियम सहित) |
| पहली किश्त के समय | ₹ 2 |
| अंतिम किश्त के समय | ₹ ? (शेष रकम) |

कम्पनी को 1,40,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । शेयरों का आबंटन निम्नानुसार किया गया :

| **आवेदन संख्या** | **स्वीकृत किए शेयरों की संख्या** |
|---|---|
| 10,000 | शून्य |
| 50,000 | 50,000 |
| 80,000 | 30,000 |

सानुपातिक रूप से (प्रो-रेटा) आबंटन में अधिक आवेदनों की रकम शेयर स्वीकृति तथा किश्त के खाते में ली गई । कम्पनी को निम्न को छोड़कर पूरी रकम मिल गई :

राघव 1000 शेयरों पर मंजूरी तथा किश्त भरने में निष्फल हुआ । राजीव जिसने 4,000 शेयरों के लिए आवेदन किया था तथा सानुपातिक शेयरों का आबंटन किया गया । उसने प्रथम तथा अंतिम किश्तें नहीं भरी । अंतिम किश्त की अवधि समाप्त होने पर राघव तथा राजीव के शेयरों को जब्त किया गया । उनमें से 2,000 शेयर (जिसमें राजीव के सभी शेयरों का समावेश है) 10% बट्टे से पुन: जारी किए गये ।

कम्पनी की बहियों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए ।

**अथवा**

(a) ₹ 10 का एक ऐसे 1,000 शेयर 10% बट्टे की दर पर जारी किये गए । इन पर अंतिम किश्त के ₹ 2 नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें जब्त किया गया । इनमें से 700 शेयर 20% बट्टे की दर से पुन: जारी किए गए । नीचे के बाबत जर्नल प्रतिष्टियाँ पास कीजिए । **7**

(1) शेयर जब जब्त किए जाएँ ।

(2) शेयर जब पुन: जारी किए जाएँ ।

(3) पूँजी रिजर्व खाते में राशि अंतरित किये जाने के समय

(b) संक्षिप्त उत्तर दीजिए : **4**

(i) संभावित इक्विटी शेयरों के कोई भी दो उदाहरण दीजिए ।

(ii) स्वेट (sweat) इक्विटी शेयर का क्या अर्थ होता है ?

(c) किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **3**

(i) शेयर की पुन: खरीद करने की कोई तीन शर्तें बताएँ ।

(ii) शेयर की पुन: खरीद करने की कोई तीन रीतियाँ लिखिए ।

3. क्रिश लिमिटेड की ता. 31-3-2013 की बैलेंस शीट निम्नानुसार है : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| 20,000, 12% प्रेफ. शेयर प्रति ₹ 10 का ऐसे पूर्ण भरपाई किए । | 2,00,000 | भूमि-भवन | 3,00,000 |
| 50,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10 का ऐसे पूर्ण भरपाई किए । | 5,00,000 | संयंत्र-मशीन | 2,50,000 |
| जनरल रिजर्व | 1,00,000 | स्टॉक | 1,00,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 50,000 | देनदार | 70,000 |
| लेनदार | 70,000 | बैंक-रोकड | 2,00,000 |
| | **9,20,000** | | **9,20,000** |

1 अप्रैल, 2013 को कम्पनी अधिनियम के आवश्यक प्रावधानों का पालन करते हुए कम्पनी ने प्रेफरन्स शेयरों को 10% प्रीमियम से पुन:खरीद (रीडीम) करना निश्चित किया । इस हेतु कम्पनी ने जरूरी संख्या में ₹ 10 का एक ऐसे इक्विटी शेयरों को सममूल्य पर जारी किया ।

कम्पनी की बही में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखकर प्रेफरेंश शेयर पुन:खरीद के पश्चात की बैलेंस शीट तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(a) किसी कम्पनी की जारी तथा भरपाई की गई पूँजी 20,000 इक्विटी शेयर, प्रत्येक ₹ 10 का एक ऐसे प्रति शेयर ₹ 8 भरपाई किए गये हैं । **7**

ता. 31-3-2013 के रोज कंपनी की बही-खाते में निम्नानुसार शेष रहा :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी रिजर्व | 20,000 | पूँजी पुन:प्राप्ति रिजर्व | 1,00,000 |
| सामान्य रिजर्व | 30,000 | प्रोविडंड निधि | 2,00,000 |
| लाभ-हानि खाता (जमा) | 10,000 | | |

कम्पनी के डायरेक्टरों ने निम्नानुसार बोनस देना निश्चित किया है :

(i) अधूरे भरपाई इक्विटी शेयरों को पूर्णदत्त करने हेतु बोनस

(ii) 2 : 1 के अनुपात में पूर्ण भरपाई इक्विटी शेयर बोनस रूप में (धारित 2 इक्विटी शेयर के बदले 1 शेयर का बोनस ।)

कम्पनी के बही-खाते में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(b) किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **4**

(i) बोनस का अर्थ क्या है ? बोनस जारी करने के प्रकारों तथा बोनस शेयर देने के विषय में वैधानिक प्रावधानों की जानकारी दीजिए ।

(ii) प्रेफरेंस शेयरों को पुन:खरीद प्राप्त करने के संबंध में कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों को समझाइए ।

(c) कम्पनी द्वारा पूर्ण भरपाई किए हुए इक्विटी शेयर बोनस रूप में देने हेतु कौन-कौन सी बाकियों (शेषों) का उपयोग किया जा सकता है तथा अधूरें भरपाई इक्विटी शेयरों को पूर्ण भरपाई करने में कौन-कौन सी बाकियों का उपयोग नहीं किया जा सकता है ? **3**

4. ता. 31-3-2013 का शक्ति लिमिटेड का ट्रायल बैलेंस (कच्चा शेष) निम्नानुसार है : **14**

| **नामे (उधार) शेष** | **₹** | **जमा शेष** | **₹** |
|---|---|---|---|
| ऋणपत्र पर ब्याज चुकाया | 15,000 | शेयर पूँजी | 10,00,000 |
| शेष बाकी किश्तें | 50,000 | जनरल रिज़र्व | 60,000 |
| खरीदी | 5,00,000 | ऋणपत्र पुन: क्रय रिज़र्व | 40,000 |
| आरंभिक स्टॉक | 80,000 | 10% ऋणपत्र | 2,00,000 |
| देनदारी | 2,00,000 | सार्वजनिक जमा | 80,000 |
| टेलिफोन डिपॉजिट | 30,000 | खरीद-रिटर्न | 20,000 |
| 10% सरकारी ऋण | 1,00,000 | बिक्री | 12,00,000 |
| जमीन-मकान | 14,00,000 | लेनदार | 30,000 |
| प्लान्ट-मशीनें | 2,30,000 | अदावित लाभांश | 10,000 |
| बिक्री रिटर्न | 25,000 | अशोध्य ऋण-रिजर्व | 18,000 |
| वेतन एवं ऑफिस का खर्च | 70,000 | लाभ-हानि खाता (1-4-2012) | 42,000 |
| | **27,00,000** | | **27,00,000** |

**अतिरिक्त जानकारियाँ :**

(i) अंतिम स्टॉक ₹ 40,000

(ii) लाभ का 50% कराधान हेतु प्रावधान कीजिए ।

(iii) देनदारों पर अशोध्य ऋण का प्रावधान 10% की दर से रिजर्व (अनामत)

(iv) शेयर पूँजी पर 10% की दर से लाभांश का प्रावधान कीजिए । ₹ 20,000 जनरल रिजर्व खाते में ले जाना है ।

कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप खड़े स्तम्भ स्वरूप में वार्षिक हिसाब तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(a) ता. 31-3-2013 को पूर्ण होते वर्ष के लिए कम्पनी (अधिनियम) के प्रावधानों के अनुसार शिवा लिमिटेड के वार्षिक हिसाब में नीचे दी गई बाकियों (शेषों) को खड़े स्तम्भ स्वरूप में किस प्रकार दर्शाया जाएगा ? **7**

| | ₹ | |
|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता जमा (1-4-2012) | 15,000 | (जमा) |
| प्रस्तावित लाभांश (1-4-2012) | 30,000 | |
| भुगतान किया लाभांश (विगत वर्ष का) | 20,000 | |
| प्रस्तावित लाभांश (31-3-2013) | 40,000 | |
| कराधान का प्रावधान (1-4-2012) | 80,000 | |
| अग्रिम चुकाया कर (1-4-2012) | 60,000 | |
| अग्रिम चुकाया कर (31-3-2013) | 70,000 | |
| कराधान का प्रावधान (31-3-2013) | 90,000 | |

विगत वर्ष का कराधान आकलन इस वर्ष दरम्यान पूर्ण हुआ है और ₹ 85,000 गत वर्ष के लिए कराधान की जवाबदारी निश्चित की गई है ।

(b) ता. 31-3-2013 के रोज पूर्ण हो रहे वर्ष के लिए कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप प्रिया लिमिटेड के वार्षिक हिसाब में निम्न शेष किस प्रकार दर्शाये जा सकेंगे ? **4**

| | |
|---|---|
| ऋणपत्र पुन:क्रय निधि (1-4-2012) | ₹ 50,000 |
| 10% ऋणपत्र पुन: क्रय निधि के निवेश (1-4-2012) | ₹ 50,000 |
| ऋण-पत्र पुन: क्रय निधि के निवेशों पर प्राप्त ब्याज | ₹ 5,000 |
| ऋणपत्र पुन:क्रय निधि के निवेशों की खरीदी | ₹ 15,000 |
| ऋणपत्र पुन:क्रय निधि के खाते में लाभ आबंटन | ₹ 10,000 |

(c) आकस्मिक देनदारी का क्या अर्थ है ? आकस्मिक देनदारियों के कोई दो उदाहरण दीजिए । **3**

5. निम्न प्रश्नों के संबंध में दिए गये विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प पसंद कीजिए । **14**

(1) समावेशन पूर्व का लाभ __________ खाते में ले जाया जाता है ।

(a) सामान्य रिज़र्व (b) पूँजी रिज़र्व

(c) ख्याति (d) रिज़र्व निधि

(2) शेयर जारी करने में हुए बट्टाकृत खर्च को __________ अवधि में दर्ज किया जाता है ।

(a) पूर्व समावेशन (b) समावेशन के बाद

(c) (a) तथा (b) दोनों (d) दर्ज नहीं किया जाता

(3) भागीदारी फर्म के विसर्जन के समय भुगतान योग्य खर्च रकम को चुकाने का सही क्रम __________ है ।

(a) भागीदारों के ऋण – पूँजी – लेनदार – प्रतिभूति आधारित ऋण

(b) लेनदार– प्रतिभूति आधारित ऋण – भागीदारों के ऋण – पूँजी

(c) प्रतिभूति आधारित ऋण – भागीदारों के ऋण – लेनदार– पूँजी

(d) प्रतिभूति आधारित ऋण – लेनदार– भागीदारों के ऋण – पूँजी

(4) भागीदारी फर्म के विसर्जन के समय प्रत्येक किश्तों से मिली रकम को किश्तों में वितरण करते समय __________ धारणा की जाती है ।

(a) सभी भागीदार शोध्य है ।

(b) सभी भागीदार दिवालिया है ।

(c) एक भागीदार शोध्य है ।

(d) भविष्य में कोई रकम नहीं मिलने वाली है ।

(5) "नई स्थापित कम्पनी 10% बट्टे की दर से शेयर जारी कर सकती है ।" यह कथन __________ है ।

(a) सही

(b) गलत

(c) केन्द्र सरकार की मंजूरी पर शेयर बट्टे पर जारी किये जा सकते हैं ।

(d) आर्टिकल ऑफ एसोशिएसन में यदि शेयरों को बट्टे से जारी करने की मंजूरी हो तो शेयर बट्टे से जारी किए जा सकते हैं ।

(6) कम्पनी अधिनियम के अनुरूप शेयर के आवेदन के साथ कम से कम __________ राशि मंगवाना जरूरी है ।

(a) ₹ 1 (b) मूल कीमत का 25%

(c) ₹ 10 (d) कम्पनी द्वारा निर्धारित राशि

(7) प्रेफरेंस शेयरों को पुन:क्रय करने का प्रीमियम __________ के विरुद्ध बट्टाकृत किया जा सकता है ।

(a) सामान्य रिजर्व (b) प्रतिभूति प्रीमियम

(c) पूँजी रिजर्व (d) उपरोक्त सभी

(8) __________ प्रेफरेंस शेयरों को पुन: क्रय नहीं किया जा सकता है ।

(a) पुन:क्रय पात्र (रीडिमेबल) (b) पूर्ण दत्त

(c) जारी करने के 5 वर्ष तक (d) अपूर्ण दत्त

(9) बोनस शेयर जारी किये जाने के बाद __________

(a) रोकड़ सिलक तथा शेयर पूँजी में वृद्धि होती है ।

(b) रोकड़ सिलक कम होती है तथा शेयर पूँजी में वृद्धि होती है ।

(c) रिजर्व तथा शेयर पूँजी दोनों में वृद्धि होती हैं ।

(d) रिजर्व में कमी होती है जबकि शेयर पूँजी में वृद्धि होती है ।

(10) ऋणपत्र का शेयर में रूपांतर होने के कारण आगामी वर्ष में जारी होने वाले शेयरों को __________ कहा जाता है ।

(a) संभवित इक्विटी शेयर
(b) इक्विटी शेयर की पुन:खरीदी
(c) स्वेट (Sweat) इक्विटी शेयर
(d) इक्विटी शेयर की (बीड) बोली

(11) शेयरों को पुन:क्रयित करने पर __________

(a) कंपनी की शेयर पूँजी की वृद्धि होती है ।
(b) कंपनी की रोकड़ सिलक तथा शेयर पूँजी दोनों में वृद्धि होती हैं ।
(c) कंपनी की रोकड़ सिलक तथा शेयर पूँजी दोनों में कमी होती हैं ।
(d) कम्पनी की शेयर पूँजी तथा रिजर्व में वृद्धि होती हैं ।

(12) कम्पनी अधिनियम के संशोधित VI परिशिष्ट अनुसार मिलकतों को __________ में वर्गीकृत करना होता है ।

(a) कायमी मिलकतों – निवेशो – चालू मिलकतों – बट्टाकृत नहीं किए गए खुदरे खर्च
(b) स्थायी मिलकतों – चालू मिलकतों
(c) गैर-चालु मिलकतों – चालू मिलकतों
(d) स्थायी मिलकतों – निवेशों – चालू मिलकतों

(13) _________ इक्विटी शेयरों का समावेश कंपनी के जारी किए तथा भरपाई हुई पूँजी में किया जाता है ।

(a) संभवित इक्विटी शेयर
(b) स्वेट इक्विटी शेयर
(c) पुन:क्रयित शेयर
(d) उपरोक्त कोई नहीं

(14) __________ प्रक्रिया में प्रति शेयर भाव पहले से ही कम्पनी द्वारा निश्चित नहीं किया जाता ।

(a) राईट शेयर जारी करना
(b) बुक बिल्डिंग
(c) संभवित शेयर जारी करना
(d) स्वेट इक्विटी शेयर जारी करना